माह जनवरी, 2023 के दौरान हमारे मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियां की गईं:

1. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2023 (पीएमआरबीपी) भारत के राष्ट्रपति द्वारा 11 बच्चों को प्रदान किया गया

भारत के माननीय राष्ट्रपति एच.ई. श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में दिनांक 23.01.2023 को 11 असाधारण बच्चों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) द्वारा प्रारम्भ की गई "प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार" प्रदान किया गया। माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा बाल वीर पर एक पुस्तक "यंग हीरोज ऑफ इंडिया" का भी विमोचन किया गया उन्होंने भारत के माननीय राष्ट्रपति को पहली प्रति भेंट की।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने 24 जनवरी को अपने आवास पर पीएमआरबीपी के विजेताओं से बातचीत की।

2. राष्ट्रीय मुख्य सचिवों का सम्मेलन (6 - 7 जनवरी, 2023)

सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने दिनांक 5-7 जनवरी, 2023 को आयोजित मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और पिलर 2 (समावेशी मानव विकास) के तहत उप-विषय 'महिला सशक्तिकरण बनाना' पर प्रस्तुति दी।

3. राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह

मंत्रालय ने लैंगिक भेदभाव के अंतर को कम करने के लिए बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जोर देने के उद्देश्य से 24 जनवरी, 2023 को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस वर्ष दिवस के उत्सव के भाग के रूप में, राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों ने 18 से 24 जनवरी, 2023 तक बालिकाओं के महत्व से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया और अपने स्तर पर बालिकाओं को सम्मानित किया और हैशटैग akamcelebratinggirlchildmwcd का उपयोग करके अभियान को बढ़ावा दिया।

4. आधार अधिनियम के तहत मिशन शक्ति की गजट अधिसूचना

आधार अधिनियम की धारा 7 के तहत मंत्रालय के मिशन शक्ति वर्टिकल को 3 जनवरी, 2023 को राजपत्र में अधिसूचित किया गया था।

5. विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में भागीदारी

माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने दिनांक 16 से 20 जनवरी, 2023 तक दावोस, स्विट्जरलैंड में आयोजित विश्व आर्थिक मंच 2023 की वार्षिक बैठक में भाग लिया।

6. लाल किला, दिल्ली में मंत्रालय द्वारा भारत पर्व में भागीदारी

राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान (निपसिड) मंत्रालय के एक स्वायत्त संगठन, ने महिलाओं और बच्चों के विकास, सुरक्षा और संरक्षण के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की विभिन्न पहलों को प्रदर्शित करने के लिए दिनांक 26 से 31 जनवरी, 2023 तक स्टाल का आयोजन किया।